पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री का राजभवन में स्वागत किया

लखनऊः 24 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री, श्री राजनाथ तथा केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सहित अन्य अतिथियों को राजभवन में मध्यान्ह भोजन के लिये आमंत्रित किया था।

इससे पूर्व राज्यपाल से केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, डा0 महेश शर्मा ने शिष्टाचारिक भेंट की।